an>

Title: Need to expedite construction of Lalitpur-Singrauli railway line.

श्रीमती रीती पाठक (सीधी) ः मैं सीधी संसदीय क्षेत्र (मध्य प्रदेश) से संबंधित अत्यंत पुरानी रेल परियोजना ललितपुर-सिंगरौली रेलवे लाइन के निर्माण कार्य की गति, इसकी आवश्यकता व तात्कालिक समाधान के विषय पर ध्यान आकर्षित करना चाहती हूँ।

मेरे संसदीय क्षेत्र सीधी के लोग स्थानीय रेल व्यवस्था के अभाव में अपनी गुजर-बसर काफी कठिनाइयों से कर रहे हैं। इन्हें यदि दिल्ली अथवा भोपाल (जो सर्वाधिक आवश्यकता के केन्द्र हैं) की यात्रा करनी होती है तो ट्रेन पकड़ने नजदीक के रीवा रेलवे स्टेशन पर जाना पड़ता है जिसकी दूरी 90 किलोमीटर है। अगर दिल्ली की यात्रा किसी चिकित्सा या विभागीय कार्य के प्रयोजन से करनी पड़ती है तो एक दिन पूर्व पहुंचना पड़ता है क्योंकि रीवा से आनन्द विहार (दिल्ली) के लिए चलने वाली ट्रेन संख्या 12427/12428 अधिकांशतः काफी लेट रहती है। इन सभी नियमित समस्याओं के बाद भी क्षेत्र की जनता सीधी में रेलवे लाइन की उम्मीद लगाए हुए है।

अतः मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि इस परियोजना को द्रुतगति प्रदान करते हुए सिंगरौली छोर से भी कार्य चालू करवाने व सिंगरौली से नियमित दिल्ली व भोपाल के लिए ट्रेन चलवाने की कृपा करें।